दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 29 जून 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 269

# केंद्र सरकार का उद्योग धंधों को बड़ी आर्थिक खुराक का ऐलान
# 25 लाख छोटे कारोबारियों को सवा लाख का सस्ता कर्ज

**» आत्मनिर्भर भारत अभियान की अवधि आगामी मार्च 22 तक बढ़ी**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना महामारी से जूझ रहे देश के उद्योग धंधों को राहत देने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस कांफ्रेंस कर कई बड़े एलान किए। इसमें डेढ़ लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त क्रेडिट गारंटी योजना व स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 50 हजार करोड़ का एलान सबसे अहम है। 15 हजार रुपये से कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों के लिए ईपीएफ में केंद्र सरकार की ओर से 24 फीसदी अंशदान जमा कराने की योजना मार्च 2022 तक बढ़ा दी गई है।



वित्त मंत्री ने महामारी से प्रभावित क्षेत्रों के लिए पैकेज का एलान किया है। स्वास्थ्य क्षेत्र को 50 हजार करोड़ रुपये का डोज दिया गया है। 1.50 लाख करोड़ की अतिरिक्त क्रेडिट गारंटी योजना घोषित की गई है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत महामारी के दौरान कोई भूख न रहे, इसलिए दिवाली यानी नवंबर तक 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। इस पर कुल दो लाख करोड़ तक का खर्च होगा। संकट का सामना कर रहे देश के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पर्यटकों को वीजा शुल्क से राहत दी गई है। इसमें पहले पांच लाख पर्यटकों को भारत यात्रा करने पर वीजा शुल्क नहीं देना होगा। वित्तमंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिन आठ राहत उपायों का ऐलान किया है उसमें 1.5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना की घोषणा भी शामिल है।

❑ **इन उपायों से मिलेगी विभिन्न सेक्टरों को राहत-** केंद्र सरकार हेल्थ सेक्टर में राहत पैकेज के मेडिकल सेक्टर को लोन गारंटी दी जाएगी। हेल्थ सेक्टर के लिए 50 हजार करोड़ रुपए वअन्य सेक्टर्स के लिए 60 हजार करोड़ रुपए। इसके तहत 100 करोड़ तक का लोन 7.95 फीसद ब्याज पर दिया जाएगा, वहीं अन्य सेक्टर्स के लिए ब्याज 8.25प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगी। वहीं दूसरे राहत उपाय में सबसे पहले की स्कीम में 3 लाख करोड़ रुपए की घोषणा की गई थी। इसमें अब तक 2.69 लाख करोड़ रुपए का वितरण किया जा चुका है। जबकि 1.5 लाख करोड़ रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे। यानी अब इस स्कीम का कुल दायरा 4.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसी प्रकार क्रेडिट गारंटी स्कीम के तहत छोटे कारोबारी, इंडिविजुअल एनबीएफसी माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूट से 1.25 लाख तक का लोन ले सकेंगे। इस पर बैंक के एमसीएलआर पर अधिकतम 2त्न जोड़कर ब्याज लिया जा सकेगा। इस लोन की अवधि 3 साल होगी और सरकार गारंटी देगी। इस स्कीम का लाभ करीब 25 लाख लोगों को मिलेगा। 89 दिन के डिफॉल्टर समेत सभी प्रकार के उधार लेने वाले इसके लिए योग्य होंगे।नई राहत योजना में कोविड महामारी से प्रभावित रजिस्टर्ड टूरिस्ट गाइड और ट्रेवल टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स को सरकार वित्तीय मदद देगी। इसमें लाइसेंधारी टूरिस्ट गाइड को 1 लाख रुपए और टूरिस्ट एजेंसी को 10 लाख रुपए का लोन दिया जाएगा। इस लोन को 100त्न गारंटी दी जाएगी। इस लोन पर कोई प्रोसेसिंग चार्ज नहीं होगा। इसी प्रकार कोरोना की मार से टूट चुके टूरिज्म सेक्टर के लिए वित्त मंत्री ने राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मोदी सरकार पहले 5 लाख विदेशी टूरिस्ट वीजा मुफ्त जारी करेगी। यह स्कीम 31 मार्च 2022 तक लागू रहेगी। इस स्कीम के तहत 100 करोड़ रुपए की वित्ती सहायता दी जाएगी। एक टूरिस्ट को केवल एक बार स्कीम का लाभ मिलेगा। विदेशी टूरिस्टों को वीजा की अनुमति मिलते ही इस स्कीम का लाभ मिलेगा। करीब 1.93 करोड़ विदेशी टूरिस्ट 2019 में भारत आए थे।

❑ **किसानों को सब्सिडी-** सरकार ने किसानों को 14,775 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी दी गई है। इसमें 9125 करोड़ रुपये की सब्सिडी केवल डीएपी पर दी गई है। वहीं, 5650 करोड़ रुपए की सब्सिडी एनपीके पर दी गई है। रबी सीजन 2020-21 में 432.48 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदारी की गई है। जबकि, अब तक किसानों को 85,413 करोड़ रुपए सीधे दिए गए हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### उत्तराखंड में महसूस किए गए हल्के भूकंप के झटके

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में आज दोपहर 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने पिथौरागढ़ जिले से 55 किमी उत्तर में भूकंप के केंद्र का पता लगाया है। भूकंप दोपहर 12.18 बजे आया। एनएससी ने कहा कि अक्षांश 30.084 और देशांतर 80.26 पर सतह से 10 किमी की गहराई पर था। शुरू में भूकंप के बाद किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। इस साल 24 मई को उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ से 44 किमी उत्तर-उत्तर-पश्चिम में रिक्टर स्केल पर 4.3 तीव्रता का भूकंप आया था और राज्य के देहरादून, पौड़ी और गढ़वाल जिलों के कुछ हिस्सों में झटके महसूस किए गए थे। 6 फरवरी, 2017 को उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के पास 16.1 किमी की गहराई पर 5.1 तीव्रता का भूकंप आया।

### वित्त मंत्री सीतारमण ने पब्लिक हेल्थ के लिए 23220 करोड़ रुपये का किया ऐलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कई राहत पैकेज की घोषणा की। उन्होंने कोरोना महामारी के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पब्लिक हेल्थ के लिए 23,220 करोड़ रुपयों के बड़े पैकेज की घोषणा की। केंद्र के इस कदम के साथ ही महामारी के समय में इमरजेंसी हेल्थ सर्विसेस को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही सीतारमण ने हेल्थकेयर सेक्टर के लिएए 50 हजार करोड़ रुपये का ऐलान भी किया। यह महामारी के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ा है एक राहत पैकेज है, जिसके तहत मेडिकल सेक्टर को लोन गारंटी दी जाएगी। इसके साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कोविड-19 प्रभावित क्षेत्रों के लिए 1.1 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना की भी घोषणा की है। कोरोना महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुई अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकने के लिए केंद्र सरकार ने एक राहत के तौर पर इस पैकेज का ऐलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।

### नए आईटी नियमों पर रोक लगाने से हाईकोर्ट ने किया इनकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने नए सूचना प्रौद्योगिकी नियमों पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया और कहा कि वह इस समय ऐसा आदेश पारित करने के लिए याचिकाकर्ताओं से सहमत नहीं है। फाउंडेशन फॉर इंडिपेंडेंट जर्नलिज्म, द वायर, क्विंट डिजिटल मीडिया लिमिटेड और ऑल्ट न्यूज चलाने वाली कंपनी प्रावदा मीडिया फाउंडेशन ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमावली, 2021 पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। इन कंपनियों का कहना था कि उन्हें एक ताजा नोटिस जारी किया गया है जिसके तहत उन्हें नियमों का पालन करना होगा अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जस्टिस सी हरि शंकर और जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अवकाश बेंच ने कहा कि उक्त कंपनियों को केवल अधिसूचना का पालन करने के लिए नोटिस जारी किया गया था, जिस पर कोई रोक नहीं है। बेंच ने कहा कि हम आपसे सहमत नहीं हैं। आप चाहते हैं तो हम एक विस्तृत आदेश जारी कर देंगे या यदि आप चाहते हैं तो हम इसे रोस्टर बेंच के सामने दोबारा अधिसूचित कर देंगे। अनुदेश लेने के बाद आप हमें बता दीजिये। उक्त मीडिया कंपनियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील नित्या रामकृष्णन ने हाईकोर्ट से अनुरोध किया कि छुट्टियों के बाद कोर्ट खुलने पर मामले को सूचीबद्ध किया जाए। इसके बाद हाईकोर्ट ने रोक लगाने के आवेदनों को रोस्टर बेंच के समक्ष सात जुलाई को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। इस बीच आईटी नियमों की वैधता को लेकर प्रावदा मीडिया फाउंडेशन की ओर से दायर नई याचिका पर अदालत ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

## देश में ब्लैक फंगस के 40 हजार से ज्यादा मामले, 3,129 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में भले ही कोरोना की दूसरी लहर अब उतार पर है, लेकिन ब्लैक फंगस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब तक देश में 40,845 ब्लैक फंगस यानी के केस सामने आ चुके हैं। इनमें से ज्यादातर मरीजों के दिमाग और नासिका तंत्र में संक्रमण हुआ है। केंद्र सरकार की कोरोना पर सोमवार को हुई 29वीं मीटिंग के दौरान यह डेटा जारी किया गया है। अब तक देश में 40,845 केस ब्लैक फंगस के मिले हैं, जिनमें से 31,344 मामले ऐसे हैं, जिनमें मरीजों के दिमाग या फिर नासिका तंत्र में इन्फेक्शन हुआ है। इसके चलते दिमाग, नासिका तंत्र, मुंह आदि में फंगस जम जाता है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि अब तक ब्लैक फंगस के चलते 3,129 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्लैक फंगस के मरीजों में से 34,940 को कोरोना हुआ था। इसके अलावा 64 फीसदी यानी 26,187 लोगों को गंभीर बीमारियां थीं। इसके अलावा 52.69 फीसदी लोग ऐसे थे, जिन्हें स्टेरॉयड लेने के चलते यह इन्फेक्शन हुआ है। यही नहीं ब्लैक फंगस भी कोरोना की तरह ही हर आयु वर्ग के लोगों को अपना शिकार बना रहा है। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि ब्लैक फंगस की चपेट में आने वाले 32 फीसदी मरीजों की आयु 18 से 45 वर्ष तक थी। इसके अलावा 17,464 मरीज ऐसे रहे, जिनकी आयु 45 से 60 साल के बीच भी है।

## भारत में देरी से आएगी कोरोना की तीसरी लहर

**» आईसीएमआर की रिपोर्ट की राहत के बीच टीकाकरण के लिए मिलेगा समय**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार के कोविड-19 वर्किंग ग्रुप के प्रमुख एनके अरोड़ा ने कहा कि देश में कोरोना की तीसरी लहर दिसंबर तक टल सकती है। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि आईसीएमआर की स्टडी से पता चला है कि तीसरी लहर देश में देरी से आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा होने पर देश को टीकाकरण का समय मिल जाएगा। सरकार ने हर दिन 1 करोड़ डोज देने का लक्ष्य रखा है।



सेंट्रल पैनल के चेयरमैन ने कहा कि देश में सबको टीका लगाने के लिए हमारे पास 6-8 महीने का समय है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में सरकार हर दिन 1 करोड़ लोगों को टीका लगाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि तीसरी लहर डेल्टा प्लस वेरिएंट की वजह से आएगी, ऐसा अभी नहीं कहा जा सकता है। हालांकि उन्होंने इससे इनकार भी नहीं किया। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि लहर नए वेरिएंट्स या नए म्यूटेशन से जुड़े होते हैं, इसलिए इसकी संभावना है, क्योंकि यह एक नया वेरिएंट है। लेकिन यह तीसरी लहर लगाएगा, ऐसा कहना अभी मुश्किल है, क्योंकि यह दो या तीन चीजों पर निर्भर करता है।

❑ **टाली जा सकती है तीसरी लहर?-** डेल्टा प्लस वेरिएंट के बढ़ते केसों के बीच देश में कोरोना की तीसरी लहर आशंका बढ़ती जा रही है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि इसे टाला भी जा सकता है। जिन देशों में 20 फीसदी से अधिक आबादी का टीकाकरण हो चुका है, वहां तीसरी लहर नहीं आई है। आईसीएमआर और इंपीरियल कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों की एक स्टडी में कहा गया है कि तीसरी लहर दूसरी लहर की तरह तबाही नहीं मचाएगी।

## भारत ने चीन के साथ सीमा पर लगभग 50,000 सैनिकों को फिर से स्थापित किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 70 वर्षों में पहली बार, भारत ने चीन के प्रति अपना रुख बदला है, अपने पिछले रक्षात्मक दृष्टिकोण के विपरीत, जिसने चीनी आक्रमण को रोकने के लिए एक प्रीमियम रखा था, भारत अब वापस हमला करने के लिए सैन्य विकल्पों को पूरा कर रहा है और उसके अनुसार अपनी सेना को पुनर्निर्देशित किया। भारत ने लगभग 50,000 सैनिकों को पुनर्निर्देशित किया है जिनका मुख्य फोकस चीन के साथ विवादित सीमा पर होगा।

सूत्रों ने कहा कि मथुरा स्थित 1 स्ट्राइक कॉर्प, जिसे पहले पश्चिमी सीमाओं को पाकिस्तान में पार करने का काम सौंपा गया था, को चीन के साथ विवादित सीमा क्षेत्रों में अपनी स्थिति से फिर से बदल दिया गया है।



इसके अलावा मध्य क्षेत्र में - हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड से नेपाल तक चलने वाली सीमा के सबसे कम विवादित हिस्से में भी कम से कम डिवीजन स्तर के सैनिकों के साथ तैनाती को मजबूत किया गया है। भारतीय सेना के एक डिवीजन में कम से कम 10,000 सैनिक होते हैं।

पानागढ़ स्थित माउंटेन स्ट्राइक कोर को सीमा के पूर्वी सेक्टर को सौंपा गया है। एक्सवीआईआई माउंटेन स्ट्राइक कॉर्प्स, जिसे ब्रह्मास्त्र कॉर्प्स भी कहा जाता है, को जरूरत पड़ने पर पूर्वी क्षेत्र के साथ-साथ वापस हिट करने के लिए सौंपा गया है। माउंटेन स्ट्राइक कोर को केंद्र ने करीब एक दशक पहले मंजूरी दे दी थी, लेकिन अब तक इससे सिर्फ एक ही डिवीजन जुड़ा था। सरकार माउंटेन स्ट्राइक कोर को मजबूत करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

सैनिकों का यह पुनर्विन्यास केवल पाकिस्तान को समर्पित सैनिकों को कम करेगा, लेकिन साथ ही ज्यादा अभ्यस्त सैनिक जो उत्तरी सीमा से पाकिस्तान के साथ पश्चिमी सीमा पर स्थानांतरित हो सकते हैं, भारतीय सैन्य योजनाकारों के लिए उपलब्ध होंगे।

यह भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान को अपने पड़ोसियों की तुलना में उच्च स्तर की गतिशीलता और लचीलापन देता है।

सूत्रों ने कहा कि पुनर्विन्यास तब आता है जब चीन तिब्बती पठार में अपने मौजूदा हवाई क्षेत्रों का नवीनीकरण कर रहा है जो दो इंजन वाले लड़ाकू विमानों को तैनात करने की अनुमति देगा। इसके अलावा, चीन ने तिब्बत सैन्य क्षेत्र से शिनजियांग क्षेत्र में भी सैनिकों को लाया है - जो काफी हद तक काराकोरम दें से लेकर दक्षिण उत्तराखंड तक फैला हुआ है। इसके अलावा, उन्होंने बड़ी संख्या में लंबी दूरी के तोपखाने तैनात किए हैं और तिब्बती पठार में तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं।

## खाई में गिरी पिकअप, 9 की मौत, 2 गंभीर

**पांवटा साहिब (आरएनएस)।** पांवटा साहिब शिलाई के बकरास रोड़ पर एक पिकअप के दुर्घटना होने से 9 लोगों की मौके पर मौत व 2 गम्भीर घायल हुए हैं। जानकारी अनुसार सिरमौर के उपमंडल शिलाई में एक बड़ी सड़क दुर्घटना सामने आई है। यहां बारात से लौट रही एक पिकअप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। जिसमें 18 से 22 साल के आसपास की उम्र के 9 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि दो गंभीर रूप से घायल है। जिन्हें इलाज के लिए पांवटा साहिब अस्पताल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि टिंबी मिल्ला संपर्क मार्ग पर कोटि उतरऊ कैंची के नजदीक यह पिकअप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई है। गाड़ी में कुल 11 लोग सवार थे, जिसमें 9 युवाओं की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि 2 युवक गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है।

बताया जा रहा है कि गाड़ी बारात लेकर भट्यूडी से चढ़ेउ वापस लौट रही थी, तभी अचानक कोटि उतरऊ कैंची के पास गहरी खाई में जा गिरी। डीएसपी पांवटा साहिब वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पिकअप पशोग के पास दुर्घटना ग्रस्त हुई है। अभी 9 लोगों के शव बरामद हुए है। पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि गाड़ी बारात लेकर भट्यूडी से चढ़ेउ वापस लौट रही थी, तभी अचानक कोटि उतरऊ कैंची के पास गहरी खाई में जा गिरी।

## देश में कोरोना वायरस में आई गिरावट, 24 घंटे में मिले 46,148 नए मामले, 979 की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों में लगातार गिरावट जारी है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस के 46148 नए मामले सामने आए। कोरोना के दैनिक मामले एक बार फिर 50 हजार से कम दर्ज किए गए हैं। वहीं इसी अवधि में 979 मरीजों ने इस खतरनाक वायरस के आगे दम तोड़ा है, जो 13 अप्रैल के बाद अब पहली बार एक हजार से नीचे रही।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में बीते 24 घंटे में 46,148 नए मामले दर्ज किए गए और इसी दौरान 979 मरीजों ने अपनी जान गंवाई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटे में 58,578 ने कोरोना को मात दी है और ठीक होकर अपने घर लौटे हैं। वहीं सक्रिय मामलों की बात करें तो मौजूदा समय में कोरोना के सक्रिय मामलों का आंकड़ा 5,72,994 है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि कोरोना वायरस के सक्रिय मामले कुल मामलों के 1.89 फीसदी हैं। रिकवरी रेट बढ़कर 96.80 फीसदी हो गया है और दैनिक पॉजिटिविटी रेट 2.94 फीसदी है। इसके अलावा पिछले 24 घंटे में कोरोना से 979 मरीजों की जान गई है और अबतक कोरोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा 3,96,730 हो गया है। वहीं देश में कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या 3,02,79,331 हो गई है।

❑ **वैक्सीनेशन में अमेरिका को पछाड़ा-** स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस की 17,21,268 वैक्सीन लगाई गई, जिसके बाद कुल वैक्सीनेशन का आंकड़ा 32,36,63,297 हुआ। बता दें कि वैक्सीनेशन के मामले में भारत ने अमेरिका को भी पछाड़ दिया है, क्योंकि अमेरिका में अबतक 32,33,27,328 लोगों को ही वैक्सीन लगी है, जबकि भारत में 32,36,63,297 को कोरोना का टीका लग गया है। ब्रिटेन में 7.67 करोड़ वैक्सीन की डोज दी जा चुकी हैं। वहीं इटली में 4.96 करोड़ जर्मनी में 7.14 करोड़ और फ्रांस में 5.24 करोड़ वैक्सीन की डोज लग चुकी है।

❑ **इन 4 राज्यों में ज्यादा है पॉजिटिविटी-** हालांकि इस बीच कोरोना की दूसरी लहर से तेजी से राहत मिल रही है। कोरोना पर मंत्री समूह की मीटिंग में मौजूद रहे आईसीएमआर चीफ बलराम भार्गव ने कहा कि भले ही दूसरी लहर अब कमजोर पड़ रही है। लेकिन अब भी सावधान रहने की जरूरत है। इसकी वजह यह है कि अब भी देश के 80 जिले ऐसे हैं, जहां पॉजिटिविटी रेट काफी ज्यादा है। भार्गव ने कहा कि इस स्टेज पर हमें किसी भी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है। एक्टिव केसों की बात करें तो फिलहाल महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी औसत राष्ट्रीय स्तर से ज्यादा है।

❑ **देश के 19 राज्यों से कोरोना पर बड़ी राहत-** इसके अलावा देश के 19 राज्यों से राहत की खबर है। यहां हर दिन कोरोना से मरने वालों की संख्या अब सिंगल डिजिट में ही रह गई है। वहीं महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में अब भी कोरोना से मरने वालों की संख्या हर दिन 100 से ज्यादा बनी हुई है। बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 46,148 केस मिले हैं। इसके साथ ही देश में एक्टिव केसों की संख्या अब 6 लाख से कम होते हुए 5,72,994 ही रह गई है।